अयोध्या बना आदर्श सौर नगर

चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तर प्रदेश ने **अयोध्या** में [सौर ऊर्जा](#) संयंत्र के माध्यम से **40 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता** हासिल की है।

जिसके कारण **अयोध्या** को [उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति 2022](#) के अंतर्गत आदर्श सौर नगर का प्रतिष्ठित पदनाम **प्राप्त हुआ।**

मुख्य बिंदु

- इस नीति के अनुसार, **सौर शहर को ऐसे शहर के रूप में परिभाषित किया गया है जहाँ** [नवीकरणीय ऊर्जा](#) **संयंत्र पारंपरिक ऊर्जा की अनुमानित कुल मांग को कम-से-कम 10% तक कम कर सकते हैं।**
    - अयोध्या ने आवश्यक क्षमता से **दोगुनी क्षमता हासिल कर इस मानक को पार कर लिया है।**
- यह संयंत्र [राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (National Thermal Power Corporation- NTPC) ग्रीन एनर्जी लिमिटेड](#) द्वारा माझा रामपुर हलवारा और माझा सरायरासी गाँवों में [सरयू नदी](#) के पास स्थापित किया गया था।
    - **राज्य सरकार ने** सौर ऊर्जा संयंत्र परियोजना स्थापित करने के लिये **NTPC** ग्रीन एनर्जी लिमिटेड को **165.10 एकड़ भूमि 1 रुपए प्रति एकड़ प्रतिवर्ष की दर से 30 वर्षों के लिये पट्टे** पर दी है।
    - यह संयंत्र [उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (UPPCL)](#) द्वारा **25 वर्षों के लिये लागत-प्लस-निर्धारित टैरिफ** पर खरीदा जाएगा, जिससे अयोध्या को एक आदर्श सौर शहर घोषित किया जा सकेगा।

सरयू नदी

- सरयू एक नदी है **जो उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश से होकर प्रवाहित होती है।**
- इस **नदी का प्राचीन महत्त्व है क्योंकि इसका उल्लेख वेदों और रामायण में मिलता है।**
- यह नदी **करनाली और महाकाली नदियों के संगम** पर बनती है। यह गंगा नदी की एक सहायक नदी है।
- भगवान राम के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले **रामनवमी** के त्योहार पर **हज़ारों लोग अयोध्या में सरयू नदी में डुबकी** लगाते हैं

उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (UPPCL)

- **14 जनवरी, 2000 को** यूपी में विद्युत क्षेत्र के सुधारों और पुनर्गठन के परिणामस्वरूप स्थापित किया गया, **जो विद्युत क्षेत्र का केंद्र बिंदु है** जो विद्युत के **संचारण, वितरण तथा आपूर्ति के माध्यम** से क्षेत्र की योजना एवं प्रबंधन के लिये ज़िम्मेदार है।
- यह पेशेवर रूप से प्रबंधित उपयोगिता है जो राज्य के प्रत्येक नागरिक को विश्वसनीय और लागत कुशल विद्युत की आपूर्ति करती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ayodhya-becomes-a-model-solar-city